प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

14.04.2026/प्रादेशिक समाचार/09:20बजे

मुख्य समाचार''

- संविधान निर्माता डॉ. बी. आर. अंबेडकर की 136वीं जयंती पर राष्ट्र उन्हें कर रहा नमन–प्रधानमंत्री ने उनकी जयंती पर श्रंद्धाजलि की अर्पित।

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज से किन्नौर जिले के दो दिवसीय दौरे पर–कल हिमाचल दिवस के राज्य स्तरीय समारोह की करेंगे अध्यक्षता।

- मंडी जिला में किसानों का प्राकृतिक खेती की ओर तेजी से बढ़ रहा रुझान–खेती करने वाले किसानों की संख्या हुई अड़तालीस हजार के पार।

- देश सहित प्रदेश में आज बैसाखी का त्योहार श्रद्धा, उत्साह और भाईचारे की भावना के साथ मनाया जा रहा है।

अंबेडकर जयंती

देश आज भारतीय संविधान के मुख्य शिल्पकार डॉ. बी. आर. अंबेडकर की 136वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। इस अवसर पर देशभर में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। नई दिल्ली में आज सुबह संसद भवन परिसर में डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने के लिए एक समारोह आयोजित किया गया है। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट...........

*मध्य प्रदेश में 14 अप्रैल 1891 को जन्मे डॉ. बी.आर. अंबेडकर ने अपना संपूर्ण जीवन सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध संघर्ष के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने महिलाओं, श्रमिकों और वंचित वर्गों के समान अधिकार सुनिश्चित करने के लिए अथक प्रयास किए।*

*उनकी दूरदृष्टि ने एक न्यायपूर्ण और समावेशी समाज की नींव रखी, जो भारत के संविधान में परिलक्षित होता है, जिसके निर्माण में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।*

*आर्थिक नीति और आधारभूत संरचना से लेकर संवैधानिक कानून तक, डॉ. अंबेडकर के बहुआयामी योगदान ने उन्हें एक न्यायपूर्ण और समतावादी भारत के निर्माण के लिए समर्पित राष्ट्र निर्माता के रूप में स्थापित किया।*

*डॉ. बी. आर. अंबेडकर को मरणोपरांत वर्ष 1990 में भारत रत्न से सम्मानित किया गया। सामाजिक न्याय, समानता और भारतीय संविधान के निर्माण में उनके उल्लेखनीय योगदान के सम्मान में यह दिन विशेष महत्व रखता है।*

**अम्बेदकर**

इस बीच संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉक्टर भीम राव आम्बेदकर की जयंती के अवसर पर देश सहित प्रदेश में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू शिमला के चौड़ा मैदान स्थित डॉक्टर अम्बेदकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। इस बीच प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा कि बाबा साहेब ने समाज में व्याप्त कुरीतियों पर प्रहार करते हुए एक ऐसे संविधान का निर्माण किया जिसने आधुनिक भारत की मज़बूत नींव रखी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने भी संविधान निर्माण में डॉक्टर अम्बेदकर के उल्लेखनीय योगदान को याद किया है।

**मुख्यमंत्री–दौरा**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज से किन्नौर जिले के दो दिवसीय दौरे पर हैं। इस दौरान वे शोंगटोंग–कड़छम जल विद्युत परियोजना और पवारी बैराज का निरीक्षण करेंगे। इसके अलावा रिकांगपिओ में वे जनप्रतिनिधियों और आम जनता से मिलकर उनकी समस्याएं सुनेंगे। मुख्यमंत्री कल्पा स्थित राजीव गांधी खेल परिसर सहित अन्य निर्माण कार्यों का जायजा भी लेंगे।

इस बीच मुख्यमंत्री कल हिमाचल दिवस के अवसर पर रिकांगपिओ में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे और परेड की सलामी लेंगे। जिला प्रशासन ने कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। अधिक व्यौरे के साथ हमारी किन्नौर जिला संवाददाता......

**स्टार्टअप इंडिया**

केन्द्र सरकार ने देश के स्टार्टअप इकोसिस्टम में पूंजी के प्रवाह को बढ़ावा देने के लिए दस हज़ार करोड़ रुपये के कोष के साथ स्टार्टअप इंडिया फंड ऑफ फंड्स के दूसरे चरण को अधिसूचित किया है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने कहा कि इस योजना के अंतर्गत निवेश उन वैकल्पिक निवेश फंडों पर केंद्रित होगा जो डीप टेक स्टार्टअप्स और शुरुआती विकास चरण सहित प्राथमिकता वाले क्षेत्रों का समर्थन करते हैं।

**संदेश**

हिमाचल दिवस की पूर्व संध्या पर आज मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू का प्रदेशवासियों के नाम संदेश प्रसारित किया जाएगा। इसे आकाशवाणी शिमला से आज सायं 8 बजे प्रसारित किया जाएगा। यह संदेश एफ.एम. शिमला, एफ.एम. हमीरपुर, एफ.एम. धर्मशाला और आकाशवाणी शिमला के सभी रिले केन्द्रों से एक साथ प्रसारित किया जाएगा। दूरदर्शन केंद्र, शिमला से मुख्यमंत्री का यह संदेश आज सायं 7:30 बजे प्रसारित किया जाएगा।

**प्राकृतिक खेती**

मंडी जिला में प्राकृतिक खेती की ओर तेजी से रुझान बढ़ रहा है, जहां पिछले तीन वर्षों में तेईस हजार से अधिक नए किसान इससे जुड़े हैं वहीं जिले में प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों की संख्या अड़तालीस हजार से पार हो चुकी है। पिछले दो वर्षों में करीब अठहत्तर लाख रुपये की राशि सीधे किसानों के खातों में हस्तांतरित की गई है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली है।

**अधिक ब्यौरे के साथ हमारे मंडी जिला संवाददाता.....39''**

<u>बैसाखी</u>

देश सहित प्रदेशभर में आज बैसाखी का त्योहार श्रद्धा, उत्साह और भाईचारे की भावना के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर का धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व है। वर्ष 1699 में आज ही के दिन सिख धर्म के दसवें गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह जी ने खालसा पंथ की स्थापना की थी।

इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि यह जीवंत त्योहार कृतज्ञता, नवजीवन और आशा की भावना का प्रतीक है और उन किसानों की कड़ी मेहनत के प्रति सम्मान है जिनकी लगन से देश को भोजन मिलता है। <u>सूही मेला</u>

चंबा का ऐतिहासिक तीन दिवसीय जिला स्तरीय सूही मेला कल श्रद्धा, उत्साह और पारंपरिक गरिमा के साथ संपन्न हुआ। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने इस दौरान सूही मढ स्थित मंदिर में पूजा–अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख–समृद्धि व खुशहाली की कामना की। पठानिया ने इस अवसर पर मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि चंबा वासियों को पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए रानी सुनयना ने अपने प्राणों का बलिदान दिया था। उनका यह अनुपम त्याग आज भी चंबा की आत्मा में जीवंत है और सूही मेला उसी पावन स्मृति को जन–जन से जोड़ने का सशक्त माध्यम बना हुआ है। इस अवसर पर धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।

<u>अब एक नज़र अखबारों की सुर्खियों पर.....</u>

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। अमर उजाला व दैनिक जागरण का एक जैसा शीर्षक है– **कसौली की 150 साल पूरानी हैरिटेज मार्केट में भीषण आग, 8 दुकानें राख।** दिव्य हिमाचल के शब्द हैं– आज शौंगटौंग कड़छम की रिर्पोट लेंगे सी.एम. । हिमाचल दस्तक की सुर्खी है–**मुख्यमंत्री सुक्खू आज जाएंगे किन्नौर, कल हिमाचल दिवस कार्यक्रम की करेंगे अध्यक्षता। इसी अखबार की एक अन्य खबर हैं–4 गर्ल्स स्कूलों में सी.बी.एस.ई लागू करने के आर्डर रद्द।**

मौसम पर दैनिक भास्कर लिखता है–**दो दिन साफ रहेगा मौसम, 16 व 17 को फिर बारिश व बर्फबारी की संभावना।**

**''अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''**

संविधान निर्माता डॉ. बी. आर. अंबेडकर की 136वीं जयंती पर राष्ट्र उन्हें कर रहा नमन–प्रधानमंत्री ने उनकी जयंती पर श्रंद्धाजलि की अर्पित।

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज से किन्नौर जिले के दो दिवसीय दौरे पर–कल हिमाचल दिवस के राज्य स्तरीय समारोह की करेंगे अध्यक्षता।

- मंडी जिला में किसानों का प्राकृतिक खेती की ओर तेजी से बढ़ रहा रुझान–खेती करने वाले किसानों की संख्या हुई अड़तालीस हजार के पार।

और

- देश सहित प्रदेश में आज बैसाखी का त्योहार श्रद्धा, उत्साह और भाईचारे की भावना के साथ मनाया जा रहा है।

............................